संक्षिप्त

ओमप्रकाश बोहरा अध्यक्ष बने

ओमप्रकाश बोहरा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम कंचनपुर में सर्व विप्र समाज की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से ओमप्रकाश बोहरा को अध्यक्ष चुना गया। बोहरा ने 19 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर बनवारी लाल मटोलिया, बनवारी लाल मिश्रा, मुनीमजी, रामेश्वर लाल मैयाका, रामावतार बोहरा, रमेश कुमार नागवान, गोकुल प्रसाद चोटिया, प्रभु दास महंत, महावीर प्रसाद, हरसुखा राम, किशोर मिश्रा, दुर्गा दत्त मिश्रा, निर्मल कुमार मिश्रा को विप्र समाज के संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। कार्यकारिणी में महेश कुमार नागवान को उपाध्यक्ष, महासचिव रामजीलाल चोटिया, सचिव अमरचंद नागवान, महामंत्री कमल कांत मिश्रा, मंत्री प्रह्लाद नागवान, संगठन मंत्री रोशनलाल नागवान, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, कार्यकारी सदस्य वीरेंद्र मिश्रा, मनीष बोहरा, आशीष चोटिया, पीडी नागवान, महावीर मिश्रा, विनय बोहरा, मनोज खांडल, हरफूल मैयाका को बनाया गया और विप्र समाज के प्रति कार्य करते रहने के लिए कहा गया।

बस की टक्कर से महिला की मौत

राजगढ, (निसं)। थाना क्षेत्र के माचाडी चौराहे पर सोमवार को बस की टक्कर से महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झूथाहेडा कला थाना बेजुपाडा जिला दौसा निवासी हरिमोहन मीना ने दर्ज कराया कि उसकी माता जगनी 65 वर्ष पत्नी जंगली राम मीणा पथ परिवहन निगम की बस से माचाडी चौराहे पर उतर आते समय बस चालक ने लापरवाही से उसकी मां को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस की मदद से मृतका के शव को राजगढ पीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। मृतका के शव का राजगढ चिकित्सालय की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी।

बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने गांव सिसोला से बजरी से भरे हुए तीन अवैध ट्रेक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। बरोनी थाना अधिकारी ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव सीसोला से तीन ट्रेक्टर ट्रॉली अवैध बजरी भरकर आ रहे थे। पुलिस ने ट्रैक्टरों को रुकवाया और जांच की तो उसमें अवैध बजरी भरी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रॉलियों को अवैध बजरी के साथ जप्त कर लिया।

हाईवे पर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, छह आरोपी गिरफ्तार

- लूट, डकैती और चोरी की वारदातों का खुलासा

मुल्जिमान हाईवे पर राहगीरों से लोहे की रॉड व पाइपों से मारपीट कर वाहन व मोबाइल लूटने जैसी वारदातों को अंजाम देते थे।

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। पुलिस थाना चौमूं के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए हाईवे पर कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल, पर्स लूट जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का मात्र 24 घंटे में पर्दाफाश किया है। वहीं डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले छह मुल्जिमान को चौमूं थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

मुल्जिमान हाईवे पर राहगीरों से लोहे की रॉड व पाइपों से मारपीट कर वाहन व मोबाइल लूटने जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस के द्वारा मुल्जिमान द्वारा राहगीर से लूटे गये कुल 6 मोबाइल फोन नगदी व एक जिक्सर मोटरसाइकिल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वन्दिता राणा ने बताया बताया कि 12 मार्च को करीब 12:55 पर पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जयपुर से थाना चौमूं पर सूचना प्राप्त हुई कि उदयपुरिया मोड पर एक काले रंग की केआई गाडी जिसमें सवार 4, 5 अपराधियों द्वारा बाइक सवार दो व्यक्तियों के साथ रॉड से मारपीट कर उनके मोबाइल फोन, फर्श व नकदी रुपए छीन कर लूट की वारदात की गई है तथा केआई गाडी जयपुर की तरफ गई है। बाद में उक्त घटना के संबंध में पीडित पवन कुमार पुत्र हरि राम कुमावत निवासी गोदारो की ढाणी सिगंनोर थाना गुढा गोढजी झुंझुनूं हाल न्यू करणी कॉलोनी हरमाडा थाना जिला जयपुर ने मय अपने दोस्त अजय कुमार वर्मा पुत्र बलदेव जाति रैगर निवासी जय अंबे कॉलोनी हरमाडा जयपुर के द्वारा थाना चौमूं पर उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मैं व मेरा दोस्त मेरी मोटरसाइकिल पर खाटू श्याम जी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। करीब 12:30 बजे उदयपुरिया मोड के पास टॉयलेट करने के लिए बाइक रोकी तो पीछे से एक काले रंग की बिना नंबर की केआई गाडी आकर रुकी जिसमें से तीन चार लडके उतरे जिनके हाथ में रॉड व सरिया था जिन्होंने मारपीट करते हुए हमें धमका कर हमारे दोनों मोबाइल फोन व मेरा फर्श छीन लिया। जिसमें 2500 से 3000 के लगभग रुपए थे जो छीन कर जयपुर भाग गए। मामल दर्ज कर माल मुल्जिमान की तलाश प्रारंभ की गई।

चौमूं थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने अपने नेतृत्व में लूट की वारदात का शीघ्र पर्दाफाश करने हेतु रामपाल उप निरीक्षक, नरेंद्र सिंह एसआई, हेड कांस्टेबल राकेश ओमप्रकाश, कांस्टेबल कैलाश अनूप कुमार, अमित कुमार, नरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, प्रमोद, रामचंद्र की एक विशेष टीम गठित कर अनुसंधान एवं तलाश प्रारंभ की गई। घटना के बाद आयुक्तालय क्षेत्र जयपुर में नाकाबंदी करवाई गई तथा काले रंग की बिना नंबर की केआई गाडी में सवार अपराधियों की धरपकड हेतु नियंत्रण कक्ष द्वारा सभी थानाधिकारियों व चेतक सिगमा को बताया गया। तलाश दौरान चौमूं थानाधिकारी द्वारा मय टीम के साथ एनएच 52 पर स्थित होटलों, ढाबों पर तलाश की जा रही थी तभी हरमाडा थाना क्षेत्र में स्थित चिरमी ढाबा पर एक संदिग्ध बिना नंबर काले रंग की केआई गाडी खडी दिखाई दी। जिसमें तीन चार लडके भी बैठे दिखाई दिए जिन को चेक करना चाहा तो पुलिस की गाडी देखकर केआई गाडी को लेकर तेज गति से जयपुर की तरफ भाग गए जिनका पीछा किया गया तथा शहर में शक्ति से नाकाबंदी करवाई। करीब एक डेढ घंटा पीछा करने के बात मुरलीपुरा थाना क्षेत्र की गलियों में बदमाश द्वारा गाडी को रोक फरार हो जाने पर गाडी को चेक किया गया। जिसपर पता चला कि उक्त केआई की गाडी 11 मार्च 2023 की रात्रि को करीब 11:30 बजे बदमाशों द्वारा जिला सीकर के श्रीमाधोपुर थाना क्षेत्र से लूटी गई थी जिस पर गाडी को जप्त कर थाने लाया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर विशेष टीम गठित कर आम सूचनाओं का संकलन किया गया। कांस्टेबल अमित कुमार के जरिए मुखबिर सूचना मिली कि हरमाडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोटू का वास में विनोद पुत्र सुण्डाराम निवासी गांव रामपुरा थाना थोई जिला सीकर अपने अन्य 5- 6 दोस्तों के साथ किराए पर कमरा लेकर रह रहा है। जिनके पास एक सफेद रंग की स्विफ्ट गाडी जिसके पीछे लिखा हुआ है। संदिग्ध फुटेज विनोद से मिलता जुलता भी है।

सूचना पर थाना चौमूं की स्पेशल टीम के इंचार्ज राकेश कुमार एचसी व अमित कुमार कांस्टेबल को उक्त मुख्य सूचना की तफ्तीश करने व विनोद कुमार उसके पांच साथियों की मौजूदगी के बारे में पता करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा वारदात में शामिल 6 शातिर अपराधी विनोद दून उर्फ बिल्लू, महिपाल मान, विकास वर्मा, संजू मरोडिया, प्रवीण कुमावत, सिद्धार्थ व नितेश कुमावत उर्फ काल को बाद अनुसंधान गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

समीक्षा बैठक आयोजित

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा 2023-24 के तहत जिले में खोले गए नए कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि 40 प्रकरणों में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है शेष प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह में करावे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि शहर में लगाए गए पेयजल समस्या समाधान शिविरों में आई सभी परिवेदनाओं की सूची उपलब्ध करावे ताकि परिवादी से रेण्डम फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि एक-एक परिवेदना को गंभीरता से लेकर यथाशीघ्र निस्तारण करे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में पेयजल वितरण समानान्तर रूप से करावे। पेयजल टैंकर पर प्रभावी मॉनिटरिंग रखे। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर में कचरा निस्तारण प्रक्रिया पर प्रभावी मॉनिटरिंग करें। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के कार्य वार्डवार कराए जाए। यूआईटी से समन्वय कर रंगाई-पुताई आदि कार्य करावे। बैठक में एडीएम प्रथम उत्तम सिंह शेखावत, डीएसओ जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के सचिव अशोक कुमार योगी, आरटीओ रानी जैन, पीएचईडी के एसई अनिल कछावा व के.सी मीना, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जे.एल मीना, सीएमएचओ डॉ.श्रीराम शर्मा, नगर परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सीताराम मंदिर में जयकारों के बीच हुई मूर्ति स्थापना

बोराज, (निसं)। कस्बे में नवनिर्मित श्री सीताराम जी मंदिर में चल रहे पंच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव के दौरान सोमवार को प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महंत कानदास स्वामी, आचार्य विष्णु दास, अग्र पीठाधीश्वर स्वामी डॉक्टर राघवाचार्य वेदांती महाराज, निंबार्क रत्न महंत मनोहर शरण शास्त्री पलसाना, महामंडलेश्वर स्वामी बालमुकुंदाचार्य, अवधेशानन्द महाराज जयपुर, यज्ञाचार्य कृष्ण अवतार शास्त्री के सानिध्य में सीताराम जी की मूर्ति की स्थापना के साथ शिव परिवार, मां दुर्गा एवं हनुमान जी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम में विद्वान पंडितों द्वारा हवन कुंडों में हवन करवाया। जिसमें मुख्य यजमान बोराज ठाकुर त्रिवेंद्र सिंह व रामस्वरूप खोरानीया सहित 51 जोडों ने आहुतिया दी। राम कथा में पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री ने सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाया। ठाकुरजी की महाआरती के बाद बोराज ठाकुर त्रिवेंद्र सिंह की मां जी साहब की ओर से मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी प्राप्त की। आयोजक समिति की ओर से संत महात्माओं, भामाशाहों व अतिथियों का सम्मान किया गया।

समारोह में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व दूदू विधायक डॉ प्रेमचंद बैरवा, दूदू प्रधान रवि चौधरी, मौजमाबाद प्रधान उगन्ता सुकरिया, पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद कडवा, पूर्व बगरू विधायक डॉ कैलाश वर्मा, जिला पार्षद मनोज कुमावत, सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा, पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर, कमल कांत जयपुर, पूर्व प्रधान सन्तोष कडवा, महेन्द सिंह राव, बंटी मीणा, पंकज जैन, भागचन्द सोनी, आर्टिस्ट लक्ष्मीनारायण, पवन जोशी, जगदीश यादव, प्रवीण प्रजापत, गोपाल साँखला, शंकरसिंह शेखावत, भवंर मनेठिया, मुकेश शर्मा, हंसराज राव, बाबूलाल राव सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बसवा, (निसं)। बसवा उपखंड मुख्यालय पर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करवाने की मांग को लेकर बसवा के लोगों ने समाजसेवी बीजेपी नेता पीडी मीणा के नेतृत्व में बसवा उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की मांग करते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए 15 ग्राम पंचायतों के गरीब परिवारों के लोग व आम आदमी इलाज करवाने के लिए आता है लेकिन बसवा स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यकता के अनुसार दवाइयां एवं समय पर चिकित्सक नहीं होने के कारण समय पर लोगों को इलाज नहीं मिल पाता। समय पर स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर गरीब लोगों का निजी अस्पताल वाले इलाज के नाम पर शोषण करते है जिसका कई बार लोगों ने विरोध भी किया है। इस संबंध में लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बसवा स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल क्रमोन्नत करवाने की मांग की है।

रक्तदान शिविर के साथ फुलेरा ब्लड सेन्टर का शुभारंभ

- प्रथम बार रक्तदान कर हुई गर्व की अनुभूति : कृष्णा शर्मा

फुलेरा, (निसं)। नगर पालिका कार्यालय के निकट भवन परिसर पर फुलेरा ब्लड सेंटर का शुभारंभ किवाडा धाम के गौभक्त ऋषि तपस्वी प्रकाश दास महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं कर कमलों के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 श्री सत्यनारायण महाराज, तहसीलदार सांभरलेक कृष्णा शर्मा, स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी दीनदयाल कुमावत, पंचायत समिति सदस्य धन्ना लाल नोदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, भामाशाह मनोज कुमावत व आशु सिंह सूरपुरा रहे।

कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों का माला, साफा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं कार्यक्रम में स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सांभरलेक तहसीलदार कृष्णा शर्मा सहित अन्य रक्तदाताओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया।

जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हौसला अफजाई की गई। मंच संचालन योगेन्द्र गहलोत और मुकेश पारीक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर फुलेरा ब्लड सेंटर के निदेशक अंशु कुमावत ने बताया कि फुलेरा और आसपास के ग्रामीण अंचल में रक्त की महती आवश्यकता को देखते हुए लोगों की मांग पर फुलेरा में ब्लड सेंटर स्थापित किया गया है। तहसीलदार सांभर लेक कृष्णा शर्मा ने प्रथम बार रक्तदान करते हुए कहा कि प्रथम बार रक्तदान करके गर्व की अनुभूति हो रही है। सभी लोगों को ऐसे पावन अवसर में बढ चढकर रक्तदान करना चाहिए। रक्त दान करने से शरीर में नई प्लेटेस्ट्रेट्स का निर्माण होता है। इसी क्रम में डॉक्टर रजनी ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को साल में न्यूनतम 3 बार रक्तदान करना चाहिए।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डी डी कुमावत ने कहा कि रक्त समय पर मिल जाने से लोगों का समय और धन दोनो बचेगा और समय पर मरीजों और जरूरतमंद लोगों को रक्त मिलने से लोगो की जान बच जायेगी। इस मौके पर संरक्षक केदार मल कुमावत, चेयरमैन हिमांशु कुमावत, लेखराज कुमावत, गौ सेवक कन्हैया लाल बागडा, वेदप्रकाश पारीक, विनोद बागडा, जितेंद्र बागडा, उद्घोषक(एंकर)सन्तोष स्वामी, शिक्षाविद शक्ति सिंह, शरद कालानी, लोको पायलट रामवतार धामा, शेषनारायण सैनी, श्याम लाल सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

कंटेनर-ट्रक भिड़ंत में एक घायल

- भाबरू थाना पुलिस पहुँची मौके पर, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया
- हाइवे स्थित भाबरू पुलिया के पास हुआ हादसा
- क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कराया साइड में

ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को केबिन से बाहर निकाला। वही हादसे के बाद हाइवे पर जाम भी लग गया।

पावटा, (निसं)। भाबरू थाना इलाके के हाइवे स्थित भाबरू पुलिया के पास ट्रक और कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कंटेनर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और केबिन में फंस गया। ग्रामीणों ने बडी मशक्कत के बाद घायल चालक को केबिन से बाहर निकाला। वही हादसे के बाद हाइवे पर जाम भी लग गया।

सूचना पर हाइवे गश्तीदल और भाबरू थाना पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक ट्रक और कंटेनर दिल्ली से जयपुर की तरफ जा रहा था। इन दौरान ब्रेक लगाने से कंटेनर पीछे से ट्रक में जा घुसा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुँचाया। बताया जा रहा है कि ट्रक में बीयर की बोतलें भरी थी। क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाइवे से साइड में करवाया तथा यातायात सुचारू करवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कविता यादव का स्वागत सम्मान

बहरोड/मुंडावर, (निसं)। भारतीय किसान संघ अलवर जिला अध्यक्ष मातादीन भाटी एवं जिला कार्यकारिणी मंडी प्रमुख भारतीय किसान संघ अलवर मोहर सिंह सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई प्रदेश कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ महिला नेत्री कविता धर्मपत्नी पूर्व विधायक मेजर ओपी यादव का क्षेत्र की महिलाओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत करने के साथ ही मंच पर शाल ओढाकर क्षेत्रवासियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। वहीं झझारपुर में आयोजित कुश्ती दंगल के कार्यक्रम में पहुंची नेत्री का मंच पर स्वागत सम्मान किया गया। इसी क्रम में सोडावास कस्बे सहित अनेकों पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शरीक हुई। इस दौरान भारतीय किसान संघ के अलवर जिला अध्यक्ष मातादीन भाटी सहित अलवर जिला कार्यकारिणी मंडी प्रमुख मोहर सिंह, मनजीत चौधरी विधायक मुंडावर, समाजसेवी धर्म चंद बोहरा, ललित यादव, भीमराज यादव आदि मौजूद रहे।

मालपुरा में दो सामुदायिक भवनों का उद्घाटन

मालपुरा, (निसं)। नगरपालिका प्रशासन द्वारा लाखो रूपयो की लागत से शहर के वार्ड नम्बर 18 व 19 मे बनवाये गये दो सामुदायिक भवनो का विधायक कन्हैयालाल चौधरी व पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने रविवार को उदघाटन कर आमजन को समर्पित करते हुए विकास को गति दी।

भाजपा की पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी के दो साल के कार्यकाल के दौरान बनवाये गये दोनो सामुदायिक भवनों का उदघाटन करते हुए विधायक चौधरी ने कहा कि राजनैतिक द्वेषता व षडयंत्र के तहत भाजपा की पालिकाध्यक्ष को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के ईशारे पर स्वायत शासन विभाग द्वारा दो बार निलम्बित किये जाने से शहर का विकास अवरूद्ध हो गया। न्यायपालिका द्वारा सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट दोनो से सोनिया सोनी को दोहरी राहत मिलने व पुनः अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद ही आज लाखों रूपयों के दोनो विकास कार्यो का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया है। विधायक ने आगामी योजना में शहर के पवित्र सरोवर बम्ब तालाब को झील संरक्षण योजना के अन्तर्गत स्वच्छ व सुन्दर बनाने का बीडा उठाया गया है।

अध्यक्ष सोनिया सोनी ने विधायक के सुर मे सुर मिलाते हुए बिना भेदभाव के शहर के चहुमुंखी को गति देने का अपना वादा दोहराया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार जैन, शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, प्रहलाद सागरिया, त्रिलोक विजय, नोरत बीलवाल, मनीष सोनी, पार्षद रमेश पारीक, नेहा विजय व शंकर सोनी, मनोहर दास सिंधी, गणेश टेलर एवं रामप्रसाद वर्मा, रामचन्द्र नामा, महेश शर्मा, कृष्णगोपाल गुर्जर, नजरूदीन देशवाली, नन्दलाल डोई सहित बडी संख्या मे शहर के गणमान्य नागरिक,पालिका पार्षद मौजूद रहे।

ब्राह्मण होली स्नेह मिलन

रींगस, (निसं)। ब्राह्मण धर्मशाला परशुराम भवन में रविवार को ब्राह्मण होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। स्नेह मिलन में मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा तथा उपाध्यक्ष मंजू शर्मा थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ संरक्षक सागरमल शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर तथा गजानन्द जोशी ने मंत्रोच्चार के बीच किया। इस मौके पर हास्य विनोद के कार्यक्रम भी आयोजित हुए जिसमें गोविन्द शर्मा तथा मदन मंडोला ने एक से एक कविता व हास्य पेश किये। कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश बुटोलियां रहे। इस दौरान ब्राह्मण नवयुवक मण्डल के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें प्रदीप शर्मा रिंकू को अध्यक्ष मनौनित किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रघुवीर पारीक, मंगल डाकवाला, संजय डाकवाला, अमित शर्मा, विष्णु गंगावत, पुनित शर्मा, राजेश कोरखन्या, रामबाबू डाकवाला, जुगल किशोर मण्डोला, ओमप्रकाश शर्मा, कमल कान्त मिश्रा, रवि खेस्तिका गौतम खेस्तिका सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति में लापरवाही पर होगी कार्यवाही : आर.के. मीणा

- योजनाओं की प्रगति हेतु 25 मार्च की डेडलाइन जारी

पंचायत समिति सभागार में जिला परिषद सीईओ आर.के. मीणा ने विभागीय प्रगति की बैठक ली।

लालसोट, (निसं)। जिला परिषद दौसा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके मीणा द्वारा आधार सीडिंग सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की लापरवाही सामने आने पर स्पष्ट तौर पर साफ शब्दों में कहा कि अगर जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई एवं समय रहते योजनाओं में प्रगति नहीं लाई गई तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर के मीणा द्वारा सोमवार को सभी ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायकों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। जिसमें विशेष तौर पर महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत सभी श्रमिकों की आधार सीडिंग जिले में न्यूनतम पाए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की गई। विशेषतौर पर डीडवाना, बिलोना कलां सूरतपुरा संवासा की आधार सीडिंग में सर्वाधिक पेंडेंसी पर गहरी नाराजगी जाहिर की गई। सभी ग्राम विकास अधिकारियों कनिष्ठ सहायकों को निर्देशित किया गया कि आगामी सात दिवस में कम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, आधार आधारित भुगतान बढाने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना एमपी एमएलए लेड स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। सभी योजनाओं की प्रगति हेतु 25 मार्च की डेडलाइन दी गई। पुनः समीक्षा बैठक आगामी सात दिवस में आयोजित की जाएगी। जिसमे कम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों को चार्जशीट जारी की जावेगी। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता बने सिंह मीणा, खंड विकास अधिकारी राजाराम मीणा, सहायक अभियंता हरकेश मीणा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप तिवाडी, सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

राजस्थान सरकार
कार्यालय तहसीलदार, सांगानेर, जिला जयपुर
www.jaipur.nic.in
क्रमांक/रीडर/23/137 दिनांक-10.03.2023
आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विपिन कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री कृपाशंकर शर्मा निवासी 417 बी. टोंक रोड ने इस न्यायालय के समक्ष एक प्रार्थना पत्र आराजी खसरा संख्या 3875 हिस्सा 119/180 ख.नं. 3876 हिस्सा 79/180, ख.नं. 3877 हिस्सा 7/9, ख.नं. 3873/5059 हिस्सा 79/180 का हिस्सेनुसार वसीयत के आधार पर नामांतकरण अपने नाम खुलवाने बाबत प्रस्तुत किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, उक्त खसरा नंबरान के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय की विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नामांतकरण की कार्यवाही नियमानुसार कर दी जावेगी।
तहसीलदार, तहसील सांगानेर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री संतोष कुमार जांगिड पुत्र श्री बंसीधर जांगिड की एक दुकान 1551-जी 1 व 2 पूर्व देखती आम रास्ता जाट के कुआ का रास्ता, जयपुर में स्थित है जिसका तन्हा मालिक काबिज मेरा अभिभाष्य है। मेरा अभिभाष्य अपनी कब्जे शुदा दुकान जी-1 व जी-2 को श्री ललित सोनी पुत्र स्व. श्री जगदीश नारायण सोनी निवासी जयपुर को बेचने का इकरार किया है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस की अवधि में संपर्क करें बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
(अनिल कुमार पारीक) एडवोकेट
राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर
मो.9414456233

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

शोक सन्देश
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी
श्री भंवरलाल जी पाटोदिया
का स्वर्गवास दिनांक 10/03/2023 शुक्रवार को हो गया है। जिनकी शोक सभा हमारे निवास स्थान- दहमीकलां अजमेर रोड, जयपुर पर दोपहर 12 से 4 बजे तक होगी।
शोकाकुल- रामकरण, प्रभुनारायण (पुत्र), छीतर, चन्दा, पांचू, कान्हा, मांगीलाल (भ्राता) एवं समस्त शोकाकुल-पाटोदिया परिवार ग्राम पोस्ट दहमीकला बगरू

आम-सूचना
मैं शिमला मिश्रा पत्नी स्व. श्री फूलचन्द मिश्रा घोषणा करती हूँ कि मेरा पुत्र पंकज मिश्रा जो काफी समय से मुझसे अलग रह रहा है। मेरे कहे में नहीं है। इसलिए मैं मेरी चल व अचल सम्पत्ति से पंकज मिश्रा को बेदखल करती हूँ व इससे किसी का भी कोई भी लेन-देन है तो उसकी जिम्मेदारी इसकी स्वयं की होगी, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/3155 दिनांक-13.03.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 121/46 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री रामकिशन शर्मा पुत्र श्री सूरजभान पूजारी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2316 दिनांक 31.03.1992 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 05.08.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2521 दिनांक 02.05.2001 के द्वारा श्री रामकिशन शर्मा पुत्र श्री सूरजभान पूजारी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री रामकिशन शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.03.2014 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री महेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री रामकिशन शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री महेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री रामकिशन शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/3168 दिनांक-13.03.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 83/53 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 145.125 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री सूर्य नारायण जोशी पुत्र श्री नारायण जोशी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3164 दिनांक 30.06.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.01.1997 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1062 दिनांक 05.03.2001 के द्वारा श्रीमती सरला जोशी पत्नी श्री गिरधर गोपाल जोशी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर द